भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1798**

उत्तर देने की तारीख 10 मार्च, 2025
19 फाल्गुन, 1946 (शक)

## ग्रामीण स्तर पर ऑडिटोरियम का निर्माण

**1798 श्रीमती लवली आनंद:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए देश भर में ग्रामीण स्तर पर ऑडिटोरियम या अन्य अवसंरचनाओं का निर्माण करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो क्या बिहार में शिवहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मधुबन प्रखण्ड में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए ऑडिटोरियम के निर्माण को स्वीकृति देने का कोई प्रस्ताव है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ग): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेलों को बढ़ावा देने के लिए देश भर में ग्रामीण स्तर पर ऑडिटोरियम या अन्य अवसंरचना के निर्माण सहित खेलों के विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण बाधाओं को दूर कर उनके प्रयासों में सहायता करती है। इस मंत्रालय के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

(घ) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय देश के ग्रामीण क्षेत्रों सहित अन्य स्थानों पर खेलों को बढ़ावा देने तथा युवाओं में खेलों के प्रति रुचि विकसित करने के लिए निम्नलिखित स्कीमें क्रियान्वित करता है:

(i) “खेलो इंडिया-राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम” स्कीम; (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता; (iii) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार; (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार; (v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन; (vi) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खेल कल्याण स्कीम; (vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और (viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्र।

उपरोक्त योजनाओं का विवरण इस मंत्रालय (https://yas.nic.in) और भारतीय खेल प्राधिकरण (https://sportsauthorityofindia.nic.in) की वेबसाइटों पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****